भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3149

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

औषधि निर्माण उद्योग की स्थापना

3149. श्री सुधाकर सिंहः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बिहार के बक्सर जिले में स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र, नवानगर में औषधि निर्माण उद्योग स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त इकाई स्थापित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो यह कार्य कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): दिनांक 31.07.2024 को आयोजित विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए अनुमोदन बोर्ड की 121वीं बैठक के दौरान नवानगर, जिला बक्सर (बिहार) में बहु-क्षेत्रीय एसईजेड संबंधी प्रस्ताव पर विचार किया गया था। बोर्ड ने नवानगर, जिला बक्सर (बिहार) में बहु-क्षेत्रीय एसईजेड की स्थापना के लिए औपचारिक मंजूरी प्रदान की। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में 125 एकड़ का भूमि क्षेत्र है और इसका स्वामित्व बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के पास है।

*****